ऐतिहासिक धुड़ गैर व काल्पनिक विवाह

पुष्कर । धुलण्डी के दिन अलसुबह पुष्करणा समाज की गैर दो भागों में विभक्त हो जाती है,गैर के एक समुह का नेतृत्व राजा परिवार के व्यास वशंज करते है, जिसमें बोहरा, आचार्य, कोलाणी, छंगाणी, व अन्य उपजातियां सम्मिलित होती है, वही दुसरे समुह का नेतृत्व मूथा करते है,जिसमें बनावत पुरोहित, बोङा, कल्ला, जोशी आदि उपजातियां सम्मिलित होती है। मूथा टोली नगाङी,ढोलक,मंजिरा के साथ होरी की मिठी गार का गायन करती,माही दरवाजा मस्जिद के किनारे खङी रहती है,वही व्यास टोली की गैर लोढा का चौक से व्यास पोल, माही दरवाजा, बाजारवाङा, नाईवाङा, काली पोल, ङागावाङी से पुनः चक्कर लगा चौक आती है, यह तीन फेरो की गैर होती है,इस गैर में सर्व जातियों के साथ मार्ग में आये मुस्लिम परिवारों की होरी की मीठी गार का गायन करती है,जो सामाजिक विकास धार्मिक सौहार्द व एकता की परिचायक है,गैर को देखने व स्वागत-मनुहार के लिए शहर वासी उमङ पङते है। जब तीसरी फेरी होती है मूथा टोली भी मान-मनुहार, अबीर गुलाल,राख,धुङ की बौछार करती मुख्य गैर के साथ हो जाती है।इस गैर का सबसे प्रमुख आकर्षण का केंद्र होता है काल्पनिक विवाह का आयोजन,जिसमें व्यास वर पक्ष व मुथा वधु पक्ष माना जाता है। विवाह वेदिका का निर्माण होता है,विवाह की सम्पूर्ण विधियां काल्पनिक तौर पर होती है। विवाह संपन्न होने पर धुङ भ राख से होली खेली जाती है, तत्पश्चात पहेलागू के साथ माफी मांगते हुए सभी एकदुसरे के गले मिलते है,अब यह संगठित गैर लोढा का चौक,ङागावाङी,व्यास पोल में व्यास परिवार व सगे संबंधियों को, काठङिया मार्ग में बोहरा, जोशी, पुरोहित परिवार के सगे संबंधियों को, लोहिया चौक में बोहरा,आचार्य,व तेलीवाङा में कल्ला, व्यास, मूथा,सगे संबंधियों को, बाबू कोटङी में पुरोहित तथा मूथा की बारी में मुथा सगे संबंधियों को दोपहर तक चलती है,गैर की निश्चित गायन शैली,व अनुशासन इसकी पहचान है,गैर की सबसे बङी विशेषता यह की इसमे केवल गुलाल,अबीर के प्राकृतिक रंगो का प्रयोग ही होता है,पानी व केमिकल का प्रयोग निषेध है,शहरवासी भी इस परम्परा में पुर्ण सहयोग करते है, पुष्करणा समाज की धुङ गैर, झगङा गैर में पानी व केमिकल रंगो का इस्तेमाल नही होता ।

टांक महासभा की नई कार्यकारिणी घोषित, शैलेन्द्र टांक अध्यक्ष बने

■ विजय टांक मंत्री, हेमंत टांक भवन समिति प्रबंधक निर्वाचित

भीलवाड़ा। अखिल भारतीय श्री टाक महासभा, भीलवाड़ा क्षेत्र के हाल ही में सम्पन्न हुए चुनाव के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। केंद्रीय संगठन मंत्री एवं समाज प्रवक्ता बाबूलाल टाक ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी, शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक वातावरण में सम्पन्न हुई, जिसमें समाज बंधुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

घोषित परिणामों के अनुसार - अध्यक्ष पद पर शैलेन्द्र टाक 246 मत (68) प्राप्त कर विजयी हुए। उपाध्यक्ष पद पर सुरेश चंद्र टाक 239 मत (66) के साथ निर्वाचित हुए। मंत्री पद पर विजय टाक 250 मत (69) प्राप्त कर विजयी रहे। संयुक्त मंत्री पद पर धीरज टाक 215 मत (59) से चुने गए। कोषाध्यक्ष पद पर रामगोपाल टाक 219 मत (60) के साथ विजयी हुए। आय-व्यय निरीक्षक पद पर रोहित टाक 224 मत (62) प्राप्त कर निर्वाचित हुए। भवन समिति प्रबंधक पद पर हेमंत टाक 227 मत (63) से विजयी रहे।

महिला समिति अध्यक्ष पद पर श्रीमती शांता देवी टाक निर्विरोध निर्वाचित हुईं। युवक समिति अध्यक्ष पद पर अभिनव टाक 231 मत (64) से विजयी हुए। शिक्षा समिति अध्यक्ष पद पर जीवन टाक 223 मत (62) प्राप्त कर निर्वाचित हुए। साथ ही नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने सर्व समिति से पांच मनोनीत सदस्य घोषित किए राजकुमार टाक (अंकित गारमेंट), प्रदीप टाक ,लक्ष्मी नारायण टाक (हरी सेवा रोड), टीना टाक, खुशबू टाक, चुनाव प्रक्रिया के दौरान राष्ट्रीय पर्यवेक्षक मदन मोहन टाक, वकील साहब (जयपुर क्षेत्र अध्यक्ष), अशोक टाक (राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, अजमेर) एवं बाबूलाल टाक (राष्ट्रीय संगठन मंत्री) की उपस्थिति रही। निर्वाचन अधिकारी भगवती लाल टाक (रायला), जगदीश टाक (बदनोर), गोपाल टाक (डाबला) एवं रामेश्वर टाक (मारुति) ने निष्पक्ष रूप से चुनाव संपन्न करवाया। केंद्रीय अध्यक्ष कंवरलाल टाक महामंत्री प्रकाश चंद्र टाक ,पूर्व महामंत्री राम रतन टाक , पूर्व केंद्रीय उपाध्यक्ष गोपीलाल टाक चित्तौड़ एवं समस्त केंद्रीय कार्यकारिणी एवं क्षेत्र के लादू लाल टाक चित्तौड़, अनिल टॉक हिंडोली, ललित टाक, जयपुर हेम सिंह टाक अजमेर, मनोज टाक डिग्गी मालपुरा तथा वर्तमान/ पूर्व अध्यक्ष गणों ने सभी विजयी प्रत्याशियों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि नवगठित कार्यकारिणी समाज के विकास, संगठन की मजबूती एवं सामाजिक एकता के लिए समर्पित भाव से कार्य करेगी। उन्होंने चुनाव में भाग लेने वाले सभी प्रत्याशियों एवं मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाज की एकजुटता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है और इसी भावना के साथ आगामी कार्यकाल में समाज का संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

धुलंडी पर छाया रंग-गुलाल का खुमार, घर-घर जाकर किया रामा-श्यामा

मसूदा,। चंद्र ठाहण के कारण 3 मार्च मंगलवार को धुलंडी का पर्व नहीं मनाया गया था, लेकिन होली के तीसरे दिन मसूदा में धुलंडी हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाई गई। पूरे कस्बे में रंग-गुलाल की बौछारों के बीच होली का उल्लास देखने को मिला। सुबह से ही मोहल्लों में युवाओं और बच्चों की टोलियां निकल पड़ीं। लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर रामा-श्यामा की परंपरा निभाई, रंग-गुलाल लगाया और होली की शुभकामनाएं दीं। बड़ों का आशीर्वाद लिया गया तथा मिठाइयां खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। बाजारों में दिनभर होली खेलने वालों की रौनक बनी रही। युवाओं की टोलियां ढोल की थाप पर नाचती-गाती उपखंड क्षेत्र में घूमती रहीं और दोस्तों व प्रियजनों को रंग लगाकर जमकर धमाल मचाया। बच्चों ने भी गुब्बारों और बाल्टियों में रंग भरकर एक-दूसरे पर डाला और उत्सव का आनंद लिया। मसूदा के बाजारों में बुरा न मानो होली है के नारे गूंजते रहे। समूचा कस्बा रंगों में सराबोर नजर आया और पर्व सौहार्द व भाईचारे के वातावरण में संपन्न हुआ।

NAME CHANGE

I,VENKAMMA is real Mother of No-15781432L. THM REVU SRINIVASA RAO of 501 AD MSL REGT (MRSAM) C/O 56 APO. East Godawari, Andhra Pradesh 533212,have changed my name from VENKAMMA to REVU VENKAYAMMA in my son's army service records.aff-CF 345450.date-02 March 2026.Before Notary Nasirabad court

NAME CHANGE

I,DADARA0 is real Father of No-15797231W,NK(OCC) MUNDE AJAY DADARA0 of 501 AD MSL REGT (MRSAM) C/O 56 APO.Latur, Maharashtra, 431522 have changed my name from DADARAO to DADARAO NATHARAO MUNDE,in my son's army service records.aff-CF 345442.date-27 Feb 2026.Before Notary Nasirabad court

NAME CHANGE

I Army No.15160696F, Hav, Sathya Prakash R, Residing at Chennangkuppam, K.V. Kuppam, Vellore, TN 632209 have change my daughter name from S Kaushika to Kaushika S vide affidavit no.CF 240001 dt 04/03/2026 at court campus Nasirabad

NAME CHANGE

I.No.JC-858197N, SUB (OFC) N VENKITESWARAN. of 501 AD MSL REGT (MRSAM) C/O 56 APO. Virudhunagar.TamilNadu-626125. have changed my son name from V VENKATA SUBBURAM to VENKATA SUBBURAM V. in my army service record.CF 345453. date-02 March 2026.Notary Nasirabad court

स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल में प्रवेश हेतु 06 से आवेदन आमंत्रित

भीलवाड़ा। स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल के अंतर्गत जिले में संचालित समस्त विद्यालयों में शैक्षिणक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 1 से 5, कक्षा 6 से 8 एवं कक्षा 9 में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए 06 मार्च से 16 मार्च 2026 तक आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। अति. जिला परियोजना समन्वयक कल्पना शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा 1 में अधिकतम 40 रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा तथा आवेदन अधिक होने की स्थिति में चयन लॉटरी द्वारा किया जाएगा। कक्षा 2 से 8 तक संभावित रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा तथा आवेदन अधिक होने पर चयन लॉटरी से किया जाएगा। कक्षा 9 की रिक्त सीटों हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन 18 मार्च को किया जाएगा।

चयनित अभ्यर्थियों द्वारा कक्षा 1 से 8 एवं कक्षा 9 के प्रवेश प्रपत्र दिनांक 25 मार्च 2026 से 30 मार्च 2026 तक भरवाए जाएंगे। 01 अप्रैल 2026 से कक्षाओं का संचालन प्रारम्भ किया जाएगा। समस्त मॉडल विद्यालयों में कक्षा 1 में अधिकतम 40 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा तथा कक्षा 2 से 5, कक्षा 6 से 8 एवं कक्षा 9 में प्रवेश सत्र 2026-27 में उपलब्ध रिक्तियों के आधार पर दिया जाएगा।

वीसीआर बनाने से हिचक रहे अधिकारी

भीलवाड़ा। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुवाणा के हलेड मार्ग स्थित खेल मैदान में निजी व्यक्ति के संगठन मिवी किसान बाजार कृषक उत्पादक संगठन भीलवाड़ा की ओर से पिछले तीन दिनों तक लगाये गये तीन दिवसीय किसान मेले में आयोजकों द्वारा बिजली चोरी करने के बाद पकड़े जाने, वीसीआर भरने को लेकर अधिकारियों में ही मतभेद खुलकर सामने आये है। विभाग के आला अधिकारी वीसीआर भरने का निर्देश दे चुके है। जबकि वीसीआर भरने वाले अधिकारी/ कर्मचारी बिजली चोरी करने वाले को बचाने में लगे हुए है। सूत्रों के अनुसार मेले में आयोजकों द्वारा मीटर के पास सरकारी केबल को काटकर बिजली चोरी की जा रही थी। जिसकी कुछ किसानों द्वारा अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के ए.ई.एन. ग्रामीण हवा सिंह गुर्जर को शिकायत की, उन्होंने कनिष्ठ अभियन्ता आयुष माथुर को फोन पर मौके पर जाकर वीसीआर भरने के निर्देश दिये थे, मगर माथुर ने मौके पर नहीं पहुंचकर सिर्फ मेले के ठीक सामने स्थित विद्युत विभाग की ग्रीड पर कार्यरत कर्मचारियों को भेजकर तारो को सही मीटर से जोड़ दिया।

तब तक आयोजक दो-तीन दिन तक लगातार हजारों रुपए की बिजली चोरी कर चुके थे। मेले में लगभग 50 से अधिक छोटी-बडी स्टॉल लगाए गई। प्रत्येक स्टॉल से 30 से 40 हजार रुपए आयोजकों द्वारा लिये गये थे। जिसके बदले में आयोजकों ने नगर निगम के दमकल वाहन, टेन्ट,चाय,पीने का पानी एवं बिजली की व्यवस्था की है। वहीं मेले में एक भी स्टॉल राज्य सरकार एवं भारत सरकार की नहीं लगाई गई जिसके चलते क्षेत्र के किसानों में रोष व्याप्त है। किसान कालू भील, रामचंद्र नायक,भंवर चौधरी,भैरू चौधरी एवं बद्री बलाई ने बताया कि लक्ष्मण चैधरी मेले से किसानों को कोई फायदा नहीं मिल रहा, क्योंकि भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा किसानों के लिए बनाई गई लाभकारी एवं किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी देने वाला कोई नहीं है। वहीं बिजली विभाग के उच्च अधिकारी वीके संचेती व ओम प्रकाश खटोड ने बताया कि वीसीआर भरने के निर्देश देने के बावजूद भी वीसीआर क्यों नहीं भरी गई, जांच की जायेंगी।

भाजपा का विशाल कुटुम्ब सम्मेलन 15 को

ब्यावर (निसं) सामाजिक समरसता के पावन पर्व होली के उपलक्ष में भाजपा का विशाल कुटुम्ब सम्मेलन 15 मार्च को राधव श्री गार्डन मे आयोजित होगा। कार्यक्रम संयोजक पवन जैन ने बताया की प्रथम निमंत्रण गणनायक गणराज को आमंत्रित करने के साथ ही राजस्थान पार्टी परिवार के मुखिया राजस्थान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ सा कों आमंत्रित करने के साथ ही जिले में राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्रीअविनाश गहलोत, स्थानीय विधायक शंकरसिंहरावत व सोजत विधायक शोभा चोहान को कार्यक्रम का निमंत्रण पत्र पूर्व विधायक व पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा अजमेर देहात देवीशंकर भूतड़ा के नेतृत्व में दिया गया। कार्यक्रम के सयोंजक पवन जैन, सहसयोजक चेतनगोयर, जितेंद्र सोनी सहित मण्डल के पदाधिकारी गण आदि उपस्थित थे।

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांकः नियमन/25-26/2118 — आम सूचना — दिनांक-27.02.26

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती कंचनलता पत्नि श्री हरीनारायण गहलोत निवासी शाहपुरा मौहल्ला, ब्यावर द्वारा राजस्व ग्राम नयानगर के खसरा नम्बर 1910 में स्थित शिव कॉलोनी के भूखण्ड संख्या 02 कुल क्षेत्रफल 425.00 वर्गगज भूमि का वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ फ्री होल्ड पट्टा विलेख हेतु आवेदन किया गया है। अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के भीतर-भीतर निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्यथा बाद मियाद आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

सीमाऐं (साईट प्लान के अनुसार)

पूर्व- रोड 20 फीट — पश्चिम- रोड सेन्टर से 60 फीट

उत्तर- प्लाट नं. 01 — दक्षिण- रोड 25 फीट

- आयुक्त नगर परिषद, ब्यावर

अद्रध चन्द्रेश्वर महादेव, सगाई वाले बालाजी मन्दिर पर फाग महोत्सव

अजमेर। नया बाजार शिव बाग स्थित प्राचीन मराठा कालीन मंदिर श्री अद्रध चन्द्रेश्वर महादेव, सगाई वाले बालाजी मन्दिर पर फाग महोत्सव-2026 का आयोजन किया गया। मन्दिर के पुजारी श्यामसुन्दर शर्मा ने बताया कि फाग महोत्सव में श्री शिव बाग भजन मंडल एवं ओम चौहान एन्ड पार्टी द्वारा भजनों की शानदार प्रस्तुती दी। फाग महोत्सव में कीर्तन की है रात, आयों फगुनियो, मोर छड़ी लहराई रे छम छम नाचे वीर हनुमाना, केसरी का लाल भजन पर श्रद्धालु भाव विभोर होकर कर देर रात्रि तक नाच रगे थें।

सूर्यांश माहेश्वरी को दी बधाई और आशीर्वाद

ब्यावर (निसं) चार्टर्ड अकाउंटेंट की प्रतिष्ठित उपाधि प्राप्त करने पर सूर्यांश माहेश्वरी के घर उसके परिवारजनों,दोस्तों और रिश्तेदारों का तांता लग गया। ।

उन्होंने सीए की सभी परीक्षाएँ प्रथम प्रयास में सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की हैं। यह उपलब्धि उनकी मेहनत, लगन, अनुशासन और निरंतर प्रयासों का सशक्त प्रमाण है। बिना किसी पुनः प्रयास के इस कठिन यात्रा को पूरा करना वास्तव में अत्यंत सराहनीय है।उनकी यह सफलता हम सभी के लिए गर्व और प्रेरणा का स्त्रोत है।

सवारी निकालने के दौरान कलाकार की मौत

ब्यावर (निसं)। बादशाह मेला में बादशाह बने चन्द्रप्रकाश अग्रवाल (चंदू) रामगोपा बर्फवाला को सवारी निकले के दौरान ही अचानक सीने में दर्द और घबराहट की शिकायत होने पर राजकीय अमृत कौर अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर करने की तैयारी भी कर ली लेकिन उनकी हालत और बिगड गई और हार्ट अटेक आजाने से निधन हो गया। इस घटना से पुरे शहर में एक अजीब सी खामोशी छा गई और अफरा तफरी मच गई। बादशाह मेला संयोजक मुकेश गर्ग ने बताया कि बादशाह की सवारी दोपहर भेरुजी के खेजेड़ से रवाना हुई रास्ते में बादशाह बने चन्द्रप्रकाश अग्रवाल (चंदू) रामगोपा बर्फवाला को सवारी निकले के दौरान ही अचानक सीने में दर्द और घबराहट की शिकायत होने पर राजकीय अमृत कौर अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर करने की तैयारी भी कर ली लेकिन उनकी हालत और बिगड गई और हार्ट अटेक आजाने से निधन हो गया।

कार्यालय ग्राम पंचायत काशिर पंचायत समिति अरांई, अजमेर

क्रमांकः ग्रापक/लेखा/ई-निविदा/2023-24/92 — दिनांकः 04-03-2026

ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना संख्या 4-5/2025-26

ग्राम पंचायत काशिर में कार्य का नाम-1. राजकीय प्राथमिक विद्यालय बागरियों की ढाणी खरवड़ के खेल मैदान की चारदीवारी निर्माण व समतली करण कार्य एवं 2. ग्राम खरवड़ में तेजाजी मंदिर के पास खुला तिबारा निर्माण कार्य हेतु ई-प्रोक्यूरमेंट पद्धति से निम्नानुसार ऑनलाईन ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 05.03.2026 को प्रातः 9.30 बजे से दिनांक 12.03.2026 को सायं 6.00 बजे तक ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाईट http://www.rproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त निविदाएं वेब पोर्टल http:www.sppp.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

NIB code- ZAJ2526A1987 — UBN is- ZAJ2526WSRC02133

NIB code- ZAJ252A1986 — UBN is- ZAJ2526WSRC02132

प्रशासक, ग्राम पंचायत काशिर पंचायत समिति अरांई, अजमेर

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत काशिर पंचायत समिति अरांई, अजमेर

वद्धर्मान कॉलेज में इंडियन नॉलेज सिस्टम पर राष्ट्रीय सेमिनार 14 को ब्रोशर का विमोचन किया

ब्यावर (निसं) श्री वद्धर्मान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वद्धर्मान कन्या पी.जी महाविद्यालय में आईक्यूएसी के तत्वावधान में 14 मार्च को भारतीय ज्ञान प्रणाली (आई.के.एस.): आधुनिक शिक्षा प्रणाली एवं समाज में प्रासंगिकता विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित होगी जिसका ब्रोशर श्री वद्धर्मान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर.सी.लोढ़ा द्वारा विमोचित किया गया ।महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर.सी.लोढ़ा ने बताया कि यह सेमिनार भारत की प्राचीन परंपराओं, बौद्ध दर्शन और आधुनिक शिक्षा में उनके एकीकरण पर केंद्रित हैं।आईक्यूएसी समन्वयक डॉ नीलम लोढ़ा ने बताया कि यह सेमीनार हाइब्रिड मोड पर ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों में आयोजित होगी। सेमिनार के मुख्य वक्ता डॉ आशुतोष पारीक सम्राट पृथ्वीराज चौहान महाविद्यालय, अजमेर, रिसोर्स स्पीकर डॉ. धीरज पारीक, सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय, ब्यावर, डॉ प्रशांत कुमार प्राचार्य मिनर्वा कॉलेज ऑफ़ एजूकेशन, हिमाचल प्रदेश, इंदौर से डॉ. लोकेन्द्र सिंह जाट विभागाध्यक्ष पीएमसीओई पी जी कालेज, श्योपुर होंगे । सेमिनार में रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 10 मार्च 2026 रखी गयी है।

ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आज

अजमेर,। जन अभियोग निराकरण के तहत ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई 5 मार्च को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित की जाएगी। लोक सेवाओं की सहायक निदेशक विनीता स्वामी ने बताया कि त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के माध्यम से आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में कार्य किया जा रहा है। जिले की समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनसुनवाई आयोजित होगी। उपखंड क्षेत्र रूपनगढ़ की पिंगलोद, सरवाड़ की ताजपुरा और भिनाय की पड़ांगा ग्राम पंचायत का मुख्य सचिव स्तर से वीसी के माध्यम से पर्यवेक्षण किया जाएगा। प्रशासन ने आमजन से अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर अपनी समस्याएं प्रस्तुत करने की अपील की है।

आम सूचना

समस्त आम खास व्यक्तियों, वित्तीय संस्थाओं, बैंकों को सूचित किया जाता है कि प्रार्थिया श्रीमति रन्जुदेवी पत्नि श्री रमेश माली निवासी ललवानी मोहल्ला, मसूदा तहसील मसूदा जिला ब्यावर ने अपने स्वामित्व की जायदाद व्यवसायिक प्रा. प्लाट नं. 27,28,29 बनाप 436.77 वर्गफीट जो कि खसरा संख्या 5665/5588, सुन्दर मार्केट, मसूदा तहसील मसूदा जिला ब्यावर में स्थित है पर ऋण हेतु Tyger Capital Private Limited शाखा विजयनगर में आवेदन किया है। उक्त वर्णित जायदाद के चैन ऑफ टाईटल में से रजि. विक्रय पत्र दिनांक 22.12.2023 जो कि श्याम सुन्दर छीपा जरिये पॉवर ऑफ एटॉर्नी होल्डर अब्दुल कलाम आजाद द्वारा गजराज काठात के पक्ष में निष्पादित होकर रजिस्टर्ड है की मूल/असल प्रति ही कहीं खो गई है एवं असल प्रति उपलब्ध नहीं है। अतः उक्त असल प्रति के संबंध में किसी भी प्रकार की आपत्ति/एतराज/उजरदारी हो तो प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस की अवधि में Tyger Capital Private Limited शाखा विजयनगर जिला ब्यावर या मेरे कार्यालय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर प्राप्ति स्वीकृति लेवे, बाद गुजरने मियाद उक्त चैन ऑफ टाईटल में उक्त गुमशुदा असल/मूल रजि. विक्रय पत्र के बिना एवं उक्त प्लाट की शेष असल एवं प्रमाणित प्रति को बंधक रख ऋण स्वीकृति की कार्रवाई प्रारंभ कर दी जावेगी तत्पश्चात किसी भी आपत्ति/एतराज/उजरदारी स्वीकार योग्य नहीं होगी।

- शीतल जैन, एडवोकेट,(जैन स्थानक के पास, सदर बाजार गुलाबपुरा) मो.- 9024748727

आम सूचना

मैं, मेरे अभिभाष्य बैंक, बैंक ऑफ बडौदा शाखा इण्डस्ट्रीयल एरिया, किशनगढ की ओर से सर्व साधरण को सुचित करता हूँ कि मेरे अभिभाष्य बैंक के समक्ष शोकिन मोहम्मद पुत्र श्री सफी मोहम्मद निवासी वार्ड नं. 3, चौधरी कॉलोनी, गांधीनगर, किशनगढ जिला अजमेर राज. ने ऋण हेतु आवेदन किया है, जो अपने खरीददुरा, कब्जेदुरा औद्योगिक संपरिवर्तित भूमि खसरा सं. 142 क्षेत्रफल 1.1326 हेक्टयर व खसरा सं. 145 क्षेत्रफल 0.6957 हेक्टयर जो वाके ग्राम सिन्गोदिया तहसील रूपनगढ जिला अजमेर में स्थित है, जिसे उक्त आवेदक शोकिन मोहम्मद ने विक्रेती श्रीमति भगवती कंवर पत्नी रणवीर सिंह सें जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 8 फरवरी 2023 को खरीद की जिसका पंजीयन क्रमांक सं. 202303352100252 है। उक्त सम्पति के पूर्व दस्तावेजों में मूल संपरिवर्तन आदेश क्रमांक 44 दिनांक 11 मार्च 2010 खसरा सं. 142. जो पुर्व विक्रेता बंशी पुत्र काना व तीजा पुत्री काना के नाम पर है. मूल संपरिवर्तन आदेश कमांक 45 दिनांक 11 मार्च 2010 खसरा स.145 जो पुर्व विक्रेता बंशी पुत्र काना के नाम पर है एंव औद्योगिक संपरिवर्तित खसरा सं. 145 का मूल विक्रय पत्र जो पुर्व विक्रेतागण बंशी पुत्र काना व तीजा पुत्री काना ने पुर्व क्रेती भगवती कंवर पत्नी रणवीर सिंह को जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 19 अप्रैल 2010 जिसका पंजीयन कमांक 58 है के बेचान किया था आवेदक के पास मौजूद थे। उक्त तीनो मूल दस्तावेजात आवेदक द्वारा चौधरी कॉलोनी गांधीनगर किशनगढ़ से सामनेर चौराहा गांधीनगर किशनगढ़ के तरफ जाते समय रास्ते में कही गिर गए। जिसके सम्बन्ध में आवेदक ने एल.आर.न. 3070933/2026 दिनांक 01 मार्च 2026 के जरिये राजस्थान पुलिस को सूचना दी है। अगर किसी भी सर्व साधरण को, ऋणदात्री तथा सरकारी अथवा गैर सरकारी संस्था को उज, ऐतराज, आपत्ति हो तो अथवा किसी भी व्यक्ति को उक्त दस्तावेज की प्राप्ति होती है तो 7 दिवस के भीतर लिखित में अपनी उज, ऐतराज, आपत्ति / दस्तोवज खोया पाने की स्थिति में ज्ञापकर्ता उक्त दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में व्यक्तिशः उपस्थित होकर दस्तावेज लेकर आवे। अन्यथा बाद गुजरने मयाद मेरे अभिभाष्य बैंक, बैंक ऑफ बडौदा शाखा किशनगढ व आवेदन शोकिन मोहम्मद पुत्र श्री सफी कोई भी उज्ज, आपत्ति, ऐतराज स्वीकार नहीं किया जावेगा। सूचित रहें। सोकीन मोहम्मद निवासी वार्ड नं. 3, चौधरी कॉलोनी, गांधीनगर, किशनगढ जिला अजमेर राज. के विरुद्ध कोई उज आपत्ति एतराज स्वीकार नहीं होगा। एडवोकेट- राशिद अली, कार्यालय:-पौल्ट्रीफार्म के पास, वार्ड-सं.12 गांधीनगर मदनगंज-किशनगढ (अजमेर) मो. नं. 9928555255, 9414263445

उमंगों से सराबोर हुई होली

अजमेर। शहर समेत जिलेभर में होली का पर्व इस वर्ष विशेष परिस्थितियों के बीच भी पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। होलिका दहन से लेकर धुलंडी तक शहर और ग्रामीण अंचलों में रंगों की बौछार, डीजे की धुन और गुलाल की खुशबू ने वातावरण को पूरी तरह उत्सवमय बनाए रखा। चंद्रठाहण की स्थिति और चार मार्च से शुरू हुई बोर्ड परीक्षाओं के कारण तिथियों को लेकर लोगों में असमंजस जरूर रहा, लेकिन त्योहार के जोश में कोई कमी नहीं आई। दो मार्च को शहर और जिलेभर में परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ होलिका दहन किया गया। विभिन्न मोहल्लों और चौराहों पर सजी होलिका के समक्ष श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए परिक्रमा की। अग्नि प्रज्वलित होते ही वातावरण में जयकारों की गूंज सुनाई दी और बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी सामूहिक रूप से होलिका दहन के आयोजन हुए। बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह देखा गया। कई स्थानों पर पारंपरिक लोकगीतों और ढोल-नगाड़ों के साथ उत्सव की शुरुआत हुई। तीन मार्च को धुलंडी का पर्व शहर के गली-मोहल्लों में पूरे जोश के साथ मनाया गया। घरों और चैकों के बाहर डीजे की व्यवस्था की गई, जहां युवाओं ने फिल्मी और पारंपरिक होली गीतों पर जमकर नृत्य किया। एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी गईं। बच्चों ने पिचकारियों से रंगों की फुहार छोड़ी तो वहीं बुजुर्गों ने भी गुलाल लगाकर उत्सव में सहभागिता निभाई। शहर की प्रमुख सडक़ों और कॉलोनियों में सुबह से ही रंगों की मस्ती छाई रही। कई स्थानों पर मित्र मंडल और सामाजिक संगठनों की ओर से सामूहिक होली मिलन समारोह भी आयोजित किए गए। चंद्रग्रहण की स्थिति को देखते हुए कई लोगों ने चार मार्च को भी धुलंडी मनाई। इस दिन भी सडक़ों और मोहल्लों में रंग-बिरंगे रंगों से सराबोर युवक-युवतियां नजर आए।

हालांकि चार मार्च को बोर्ड परीक्षाएं होने के कारण कई परिवारों में विद्यार्थियों ने सुबह से ही पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित किया । इसके बावजूद सीमित समय में युवाओं ने मोहल्लों में रंग खेलकर त्योहार की परंपरा निभाई। अभिभावकों ने भी बच्चों की पढ़ाई को प्राथमिकता देते हुए संयमित और मर्यादित रूप से उत्सव मनाया। कई परिवारों ने सुबह पूजा-अर्चना के बाद प्रतीकात्मक रूप से गुलाल लगाकर त्योहार की औपचारिकता निभाई। अजमेर शहर के व्यापारियों ने चंद्रठाहण और परीक्षाओं की स्थिति को देखते हुए दो मार्च को होलिका दहन और तीन मार्च को धुलंडी मनाने की पूर्व घोषणा कर दी थी। श्री व्यापार महासंघ के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया था कि चार मार्च को अपने-अपने प्रतिष्ठान खुले रखे जाएंगे, ताकि व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित न हों। हालांकि घोषणा के बावजूद चार मार्च को शहर के कई बाजारों में कुछ दुकानें बंद नजर आईं। इसके चलते बाजारों में आंशिक रूप से ही रौनक दिखाई दी। प्रमुख बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही सीमित रही, जबकि कुछ व्यापारियों ने सामान्य रूप से दुकानें खोलकर कामकाज जारी रखा। इस वर्ष चंद्रग्रहण के कारण सूतक लगने से मंदिरों के पट बंद रहे, जिसके चलते धुलंडी पर्व को लेकर असमंजस की स्थिति बनी रही। कई लोगों ने तीन मार्च को धुलंडी मनाई, जबकि कुछ ने चार मार्च को भी रंगोत्सव धूमधाम से मनाया। राजस्थान सरकार की ओर से अधिकृत अवकाश दो और तीन मार्च को घोषित किया गया, वहीं केंद्र सरकार ने चार मार्च को अवकाश घोषित किया। इस भिन्नता के कारण आमजन में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई। लोगों का कहना है कि अब त्योहार एक साथ नहीं मनाए जा पा रहे हैं। कोई एक दिन पहले तो कोई दूसरे दिन पर्व मना रहा है, जिससे पारिवारिक और सामाजिक स्तर पर भी समन्वय प्रभावित हो रहा है।

कार्यालय नगरपरिषद् कुचामनसिटी (डीडवाना-कुचामन)

Email :eo.mcorp.kuchaman@rajasthan.gov.in, munibkcity@gmail.com — फोन नं- 01586-220022, 01586-221526

क्रमांक :- न.प.कु./2025-26/7802 — दिनांक :-27-02-2026

आपत्ति आमन्त्रण सूचना

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न आवेदको द्वारा पालिका में निम्न रूप से उल्लेखित प्रयोजनार्थ के लिये आवेदक प्रस्तुत किया है। पालिका द्वारा आवेदित प्रयोजनार्थ के तहत प्रकरण का निस्तारण किया जाना है। निम्न प्रकरणों में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की दिंन